समाचार

बरसात पूर्व बड़े नालों की सफाई का कार्य तेज

(निगम द्वारा अबतक 09 बड़े नालों की सफाई कराई गई, शेष बड़े नालों की शीघ्र होगी सफाई)

कोरबा 25 मई 2016 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बरसात से पूर्व निगम क्षेत्र में स्थित बड़े नालों की सम्पूर्ण साफ–सफाई का कार्य तेज कर दिया गया है। एक पखवाड़े से किये जा रहे इस विशेष सफाई कार्य के दौरान अबतक 09 बड़े नालों की सफाई की जा चुकी है। शेष बड़े नालों की सफाई का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जावेगा।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत लगभग 16 बड़े नाले स्थित हैं। विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, बस्तियों आदि में स्थित नालियों से प्रतिदिन प्रवाहित होने वाले अपशिष्ट जल के साथ साथ बरसाती पानी की निकासी इन नालों के माध्यम से होती हैं। वर्षा ऋतु के दौरान होने वाली बारिश का पानी निर्बाध रूप से इन नालों के माध्यम से उत्सर्जित हो तथा किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न हो, इसके मद्देनजर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त ने वर्षा पूर्व इन बड़े नालों की संपूर्ण सफाई का कार्य त्वरित गति से किये जाने के निर्देश दिए थे, जिसके तहत निगम द्वारा लगभग एक पखवाड़े से पूर्व से इन नालों की विशेष सफाई का कार्य कराया जा रहा है। निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि अभी तक 09 बड़े नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा शेष बड़े नालों की सफाई का कार्य त्वरित गति से करते हुए आगामी कुछ दिनों में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। निगम आयुक्त ने वार्ड पार्षदों से अनुरोध करते हुए कहा है कि संबंधित वार्डों में स्थित बड़े नालों की सफाई का कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है, नालों की सफाई के संबंध यदि उनके द्वारा अपने कुछ सुझाव रखे जाते हैं तो सुझावों का स्वागत है, इन सुझावों को कृपया उपलब्ध करा देवें, ताकि प्राप्त सुझावों के अनुसार और अधिक बेहतर स्वरूप में यह कार्य सम्पादित कराया जा सके।

इन नालों की हुई सफाई – वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि निगम द्वारा अभी तक अपने क्षेत्र में स्थित जिन बड़े नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कराया गया है उनमें लक्ष्मणवन स्थित नाला, मोतीसागर पारा नाला, मुड़ापार नाला, आर.पी.नगर स्थित नाला, पोड़ी बहार नाला, पथर्रीपारा नाला, बालको के गायत्री मंदिर से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर जाने वाला नाला, नेहरू नगर बालको स्थित नाला तथा रविशंकर शुक्ल नगर स्थित बड़ा नाला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि महापौर एवं आयुक्त से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिन नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है वहां पर सफाई व्यवस्था यथावत रहे इसकी सतत् मानिटरिंग की जाएगी।

नालियों की भी सफाई सुनिश्चित करें – महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र में स्थित बड़े नालों की सफाई का कार्य त्वरित रूप से पूर्ण करते हुए बरसात से पूर्व विभिन्न आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, मुख्य व संपर्क मार्गों, बस्तियों तथा अन्य स्थानों पर स्थित नालियों की पर्याप्त सफाई व्यवस्था अंतिम रूप से सुनिश्चित करें ताकि वर्षा के दौरान नालियों में पानी का बहाव समुचित रूप से हो एवं कहीं पर भी जल भराव जैसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा है कि सफाई के दौरान उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ठ का त्वरित रूप से परिवहन कर उसे डम्पिंग यार्ड में ले जाए तथा यह पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लें कि उत्सर्जित अपशिष्ठ स्थल पर पड़ा न रहे।

आयुक्त लेंगे जोन कमिशनरों, प्रभारियों की बैठक – आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल 26 मई गुरूवार को निगम के समस्त जोन कमिशनरों, जोन प्रभारियों व उप प्रभारियों की साकेत भवन में एक आवश्यक बैठक लेंगे। समस्त जोन कमिशनरों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये है कि वे आवश्यक जानकारी क`साथ उक्त बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।